खेलकूद — पूर्वी जोन अन्तर जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद का आज होगा समापन

# बास्केटबॉल में जबलपुर जिले की टीम बनी विजेता



**जबलपुर नवभारत।** 25वें पूर्वी जोन अन्तर जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद के चतुर्थ दिवस बास्केटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में जिला जबलपुर ने नरसिंहपुर को 38-31 अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

किक्रेट का सेमीफाइनल मैच जिला सतना वर्सेज जिला नरसिंहपुर के बीच रेलवे ग्राउण्ड में खेला गया। इसमें सतना टीम विजयी रही। फाइनल मैच जिला जबलपुर व जिला सतना के बीच रविवार को प्रात: खेला जावेगा। फुटबाल का फाइनल मैच जिला जबलपुर एवं जिला नरसिंहपुर के बीच पुलिस लाईन ग्राउण्ड में खेला गया, जिसमें जिला नरसिंहपुर टीम 1-0 से विजयी रही।

### कबड्डी में जबलपुर ने मारी बाजी

कबड्डी का फाइनल मैच जिला जबलपुर एवं जिला बालाघाट के बीच रानीताल ग्राउण्ड में खेला गया, जिसमें जिला जबलपुर टीम विजयी रही। बैडमिंटन का फाइनल मैच सिंगल कैटेगिरी में जिला जबलपुर वर्सेज जिला मण्डला के बीच खेला गया, जिसमें जबलपुर से आर. फरान अहमद विजयी रहे एवं डबल कैटेगिरी में जिला जबलपुर एवं जिला बालाघाट के बीच खेला गया, जिसमें जिला जबलपुर से प्रआर. रेणु विक्टर, सउनि मनोज दीक्षित विजयी रहे।

### अतिरिक्त पुलिस महानिदेश होंगे मुख्य अतिथि

पूर्वी जोन अन्तर जिला पुलिस वार्षिक खेलकूद का समापन रविवार 14 जून को सायं 5 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड में प्रमोद वर्मा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन के मुख्यातिथ्य एवं अतुल सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज के विषिष्ट अतिथ्य में सम्पन्न होगा।

### भाला फेंक में अनिल रहे प्रथम स्थान पर

गोला फेंक पुरूष वर्ग में शेख सोलंकी मण्डला प्रथम, गौरव प्रताप जबलपुर द्वितीय, अनिल यादव जबलपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक पुरूष वर्ग में अनिल यादव जबलपुर प्रथम, असलेन्द्र सिंह सतना द्वितीय, कृष्ण प्रतापसिंह सिंगरौली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक पुरूष वर्ग में सैयद रिजवी जबलपुर प्रथम, अनिल यादव जबलपुर द्वितीय, शेखर सोलंकी मण्डला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गोला फेंक में कुसुमलता ने मारी बाजी

गोला फेंक महिला वर्ग में कुसुमलता जबलपुर प्रथम, प्रतिभा जयसवाल रीवा द्वितीय, रंजना शर्मा जबलपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक महिला वर्ग में कुसुमलता जबलपुर प्रथम, स्नेहलता जबलपुर द्वितीय, रंजना शर्मा जबलपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तवा फेंक महिला वर्ग में कुसुमलता जबलपुर प्रथम, रंजना शर्मा जबलपुर द्वितीय, कमला पटेल जबलपुर ने (तृतीय) स्थान प्राप्त किया।



# अण्डर 13 व 15 की संभागीय चयन प्रक्रिया पूरी

▸ मप्र क्रिकेट एसोसिएशन जारी करेगा चयनित खिलाड़ियों की सूची



**जबलपुर नवभारत।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की 2026-27 के इंटर डिविजन टूर्नामेंट के लिए नई चयन प्रक्रिया की घोषणा के तहत अंडर 13 और अण्डर 15 की चयन प्रक्रिया 11 से 13 जून तक जबलपुर सम्भागीय क्रिकेट संघ द्वारा ओद्धलम्पिक ग्राउंड ईस्ट लैंड खमरिया में आयोजित की गई।

इसके तहत 12 जून को विभिन्न जिलों, क्लबों और अकादमी से आये अंडर 15 वर्ग के 452 खिलाड़ियों से चयनित 59 प्रतिभावान खिलाड़ियों की अंतिम चयन प्रक्रिया 13 जून को प्रात: 8 बजे से प्रारंभ की गई। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से नियुक्त चयनकर्ता रवि कोहली और रेहान तारिक द्वारा चयनित अंडर 13 और 15 वर्षीय बालक वर्ग के खिलाड़ियों की अंतिम सूची तैयार कर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से संबंधित संभाग व जिला संघ को भेजी जाएगी।

### इनका भी रहा सहयोग

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से नियुक्त चयनकर्ताओं के अलावा जबलपुर सम्भागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक, ओएफ खमरिया के महाप्रबंधक अशोक मीणा, पवन सिंधिया, विद्यापति श्रीवास्तव, अमित यादव, अंकित यादव, आनंद सोनी, अनमोल श्रीवास्तव, गौरव जनसारी आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# सांसद आशीष दुबे ने पनागर विधानसभा के मंडलों में किया जनसंवाद



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सांसद आशीष दुबे एवं विधायक इंदु तिवारी ने पनागर विधानसभा के रानी दुर्गावती एवं बरेला मण्डल के सालीवाड़ा, सिलुआ, देवरी, कैलवास, समाधि पिपरिया खुर्द, बारहा, पिंडरई, हिनौतिया, महगवां, बिलहरी, जमुनिया एवं कोसमघाट ग्रामों का दौरा कर चौपालों में जनता से संवाद किया। दौरे में सांसद आशीष दुबे और विधायक इंदु तिवारी ने वीरांगना रानी दुर्गावती के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर अंकुर जैन, मनोज यादव, राहुल बारी, अर्पित जैन, संजय पटेल, नीलू वाजपेयी, कृष्णशेखर सिंह, संदीप शुक्ला, राजा सोनकर, प्रतीक दुबे, सोनू सोनकर, अजय रजक और अजय दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विकास से बदलेगा क्षेत्र का स्वरूप

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन व जनकल्याण में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने विकसित भारत-247 के संकल्प में जनभागीदारी को सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए बरेला सहित पूरे क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार की बात कही। इंदु तिवारी ने क्षेत्र की जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं देना अपनी प्राथमिकता बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों से बरेला और आसपास के नागरिकों को लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

## चाकूबाजी में 3 घायल

**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर व हनुमानताल थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि कृष्णा सिंह ठाकुर 16 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बढ़ई मोहल्ला दमोहनाका में अरमना कोष्टा ने चाकू से हमलाकर कार्तिक विश्वकर्मा को चोट पहुंचा दी। राहुल ने हाथ मुक्कों से मारपीट की। अरमान ने चाकू से हमलाकर उसे भी चो पहुंचा दी। इसके बाद दोनों धमकाते हुए भाग गए। इसी प्रकार हनुमानताल पुलिस ने बताया कि आशीष सोनकर 31 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई किशराब पीने के लिए रूपए न देने पर प्रियांशु रजक ने चाकू से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुंचा दी। उसके साथियों ने उसके साथ मारपीट किए।

# होम साइंस कॉलेज में नए छात्रा गणवेश का शुभारंभ



**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में सत्र 2026-27 से लागू होने वाले भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों व नारी सशक्तिकरण से प्रेरित नवीन छात्रा गणवेश का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। यह परिधान छात्राओं में अनुशासन, आत्मगौरव, समानता व आत्मीयता बढ़ाएगा। मुख्य अतिथि जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन ने इसे कॉलेज की संस्कृति, अनुशासन व पहचान का जीवंत प्रतीक बताते हुए सराहा। विशिष्ट अतिथि प्रशांत केसरवानी और आत्मिका सिंह ने कहा कि इसके तीनों रंग भारतीय जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं-पीत में ज्ञान, भगवा में संस्कार व त्याग और मेहरून में नारी शक्ति, आत्मविश्वास तथा दृढ़ संकल्प का संदेश समाहित है।

### भारतीय संस्कृति और नारी गरिमा का प्रतीक

अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ला ने कहा कि कॉलेज शिक्षा के साथ संस्कार व संस्कृति को महत्व देता है, इसलिए छात्राओं की सुविधा व गरिमा के अनुरूप इसकी परिकल्पना की गई है। प्राणिशास्त्र विभाग के डॉ. अर्जुन शुक्ला ने बताया कि पीत वर्ण विद्या व ज्ञान; भगवा वर्ण त्याग, तप व सांस्कृतिक चेतना तथा मेहरून वर्ण शक्ति, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है, जो भारतीय शिक्षा दर्शन को अभिव्यक्त करता है। संचालन डॉ. दुर्गा मिश्रा और आभार डॉ. आभा तिवारी ने माना। आयोजन में डॉ. के. एस. भाटिया, डॉ. अजय बघेल, डॉ. निधि चौबे, डॉ. भावना शर्मा, गुणवंत सिंह, डॉ. राजकुमार गौतम, डॉ. सुधीर चंदेल, डॉ. विनोद, डॉ. रामनरेश और डॉ. स्वाति सिंह सहित कॉलेज परिवार का योगदान रहा।



## जीआरपी द्वारा संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में महिला यात्रियों की सुरक्षा, जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा विशेष जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जीआरपी की महिला पुलिस कर्मचारियों ने महिला यात्रियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान महिला स्टाफ द्वारा यात्रियों को रेलवे यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन सहायता सेवाओं तथा रेल पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार अथवा अन्य अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# ई-विवेचना एप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक (रेल) सुन्दर सिंह कनेश के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) भावना मरावी एवं पुलिस उप अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में सीसीटीएनएस केस अंतर्गत थाना चौकी में पदस्थ विवेचकों को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो द्वारा विवेचना हेतु प्रदाय टैबलेट में ई-विवेचना ऐप के संबंध में 1 दिवसीय प्रशिक्षण एसआरपी कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें ई -विवेचना , ई -साक्ष्य एवं ई रक्षक अंतर्गत उपलब्ध माड्यूल्स केस डायरी, आईआईएफ 2 अपराध विवरण फार्म, धारा 35(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित के तहत नोटिस, आईआईएफ -3 गिरफ्तारी पत्रक, आईआईएफ 4 संपत्ति जप्ती पत्रक, मेडिको लीगल केस एमएलसी निवारक कार्रवाई कलंदर प्रकरण, अज्ञात मृत शरीर अप्राकृतिक मृत्यु का पंजीकरण, पंचनामा विवरण जोडना, पोस्टमार्टम निवेदन की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर डाटा क्वालिटी को मद्देनजर रखते हुये प्रभारी सीसीटीएनएस गोपाल सिंह राजपूत की उपस्थिति में आर राज कुमार अहिरवार एवं सीसीटीएनएस टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### गुणवत्ता में हो सुधार

इस दौरान रेल पुलिस इकाई जबलपुर के समस्त थाना चौकी से कुल 2 विवेचकगण प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान नवीन आपराधिक कानूनों के अंतर्गत डिजिटल विवेचना, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन, अपराध स्थल की वीडियोग्राफी, साक्ष्यों के सुरक्षित संधारण तथा संबंधित पोर्टलों/एप्लीकेशनों के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। ई साक्ष्य एवं डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन जैसे विषय वर्तमान पुलिस कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त अधिकारियों को पोर्टल के व्यावहारिक संचालन, केस डायरी संधारण, डिजिटल साक्ष्य अपलोडिंग एवं तकनीकी प्रक्रियाओं का हैंड्स-ऑन अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विवेचना की गुणवत्ता में सुधार, साक्ष्य संकलन की पारदर्शिता बढ़ाना तथा न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाना रहा। प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं प्रतिभागियों द्वारा इसे अत्यंत उपयोगी बताया गया।

## नितिन जैन बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी



**नवभारत, जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी के पूर्व अध्यक्ष रोटे नितिन जैन को रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 (मप्र, छग, उड़ीसा) के प्रांतपाल रोटे आलम सिंह रूपराह और डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटे अजय अग्रवाल द्वारा आगामी रोटरी वर्ष 226-27 के लिए डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी (मप्र) मनोनीत किया गया है। मीडिया और जनसंपर्क के क्षेत्र में उनके शानदार योगदान को देखते हुए मिली इस बड़ी जिम्मेदारी का कार्यकाल 1 जुलाई 226 से 3 जून 227 तक रहेगा। वर्तमान में भी वे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन-मीडिया के पद पर रहते हुए अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

### नियुक्ति पर रोटरी और जैन समाज ने दी बधाई

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर रोटे अमित-पल्लवी जायसवाल, रोटे शशांक रस्तोगी, रोटे भानुप्रताप चौधरी, रोटे नवीन भवसार, रोटे सोमनाथ अग्रवाल, रोटे अजित खंडेलवाल, रोटे अरुण गुप्ता, रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे शैलेष गुलाटी, रोटे अमित जैन, रोटे अंजुल जैन, रोटे सुनील जसवानी, रोटे मनीष बजाज, रोटे शैलेष मिश्रा, रोटे जसप्रीत आहूजा, रोटे अंकुर माहेश्वरी, रोटे अभिषेक केशरवानी, रोटे हरीश रिझवानी, रोटे मिताली बैनर्जी व रोटे लोकेश चौबे सहित कई रोटरी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसके साथ ही मनोहर झाँझरी, विनय जैन, अश्विन कासलीवाल, प्रशांत जैन, प्रदीप जैन, महेंद्र बकालीबाल, प्रवीण सिंघई, सुधीर जैन, अमित कासलीवाल, सीए मनोज जैन, हेमंत जैन, सुनील घिया, आजाद जैन, विकास जैन, मुल्कराज बादशा, प्रशांत जैन, कपिल जैन, नवीन जैन, देवेश जैन, पुनीत अग्रवाल, संदीप समैया, संजय जैन व शशांक जैन ने भी बधाई देते हुए भरोसा जताया कि रोटे नितिन जैन अपने अनूठे अनुभव, कुशल नेतृत्व और समर्पण भाव से डिस्ट्रिक्ट 3261 को नए शिखर पर ले जाएंगे और जैन समाज का मान बढ़ाएंगे।

जल सत्याग्रह — नर्मदा की गोद में बैठकर बुजुर्गों ने उठाई आवाज, पेंशनर्स का अनोखा जल सत्याग्रह

# पेंशन अधिकार की लड़ाई में मां नर्मदा बनी साक्षी




**नवभारत जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन एवं विद्युत कर्मचारी यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को ग्वारीघाट स्थित उमाघाट पर पेंशनर्स ने अपनी मांगों के समर्थन में अर्ध नग्न होकर अनोखा जल सत्याग्रह किया। बड़ी संख्या में बुजुर्ग पेंशनर्स ने नर्मदा नदी के जल में बैठकर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया और विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की।

आंदोलनकारियों का कहना था कि पेंशन उनका संवैधानिक अधिकार है, कोई अनुग्रह नहीं। उन्होंने सरकार से समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने और लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस दौरान पेंशनर्स ने माँ नर्मदा के चरणों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन अर्पित कर उनकी समस्याओं के निराकरण की गुहार लगाई। आक्रोशित पेंशनर्स नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्तर पर और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के हितों की अनदेखी अब किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

### धारा-49 को बताया आर्थिक शोषण का कारण

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया एवं संभागीय अध्यक्ष शेषमणि पांडे ने कहा कि राज्य पुनर्गठन के बाद लागू धारा-49 पेंशनर्स के लिए सबसे बड़ी परेशानी बन गई है। उनका आरोप है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों के बीच समन्वय के अभाव का खामियाजा पेंशनर्स को भुगतना पड़ रहा है, जिसके कारण महंगाई राहत डीए ,डीआर सहित अन्य वित्तीय लाभ समय पर नहीं मिल पाते। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में 5 लाख से अधिक पेंशनर्स इस आंदोलन के समर्थन में हैं और सभी जिलों में एक साथ जल सत्याग्रह आयोजित कर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

पेंशनर्स ने सरकार से राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा-49 समाप्त करने, केंद्र सरकार के समान महंगाई राहत (डीआर) प्रदान करने, समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने, आयुष्मान योजना के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायतों को पुन: बहाल करने की मांग की।

# स्टेशनों का होगा फायर सेफ्टी ऑडिट




**नवभारत, जबलपुर ।** रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल जबलपुर सहित देशभर में फायर सेफ्टी ऑडिट कराएगी। इसके तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी और जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके। इस ऑडिट के तहत स्टेशन भवनों, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग और स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों।

### आवश्यकता के अनुसार कदम उठाएगी रेलवे

ऑडिट के दौरान यह भी जांच की जाएगी कि स्टेशनों पर लागू सभी फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। जहां भी कोई कमी पाई जाएगी, वहां सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे। स्टेशनों की जांच के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें बनाई जाएंगी। आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां सुधार की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। बता दे कि भारतीय रेल लगातार रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। फायर सेफ्टी ऑडिट की यह पहल इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।